हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

8 जलालपुर कलां के ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



8 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पानी में जांचेगी....



## खबर संक्षेप

### फोन को हैक कर महिला के खाते से उड़ाए दो लाख

**जींद।** साइबर ठगों ने महिला के फोन को हैक कर उसके खाते से दो लाख रुपये की राशि को ट्रांसफर कर लिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोपाल नगर निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी का बैंक में खाता है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**कैथल।** गांव चौशाला में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। चौशाला के कुलदीप सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 को बाद दोपहर 3:00 बजे जब 16 वर्षीय विनय चौसाला मटौर रोड पर बाइक से जा रहा था तो महावीर सिंह ने अपने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे टक्कर मार दी। इस कारण उसकी मौत हो गई थी।

### घर में घुस हमला कर घायल करने पर केस

**जींद।** गांव नगूरां में घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी पालाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे गुरदास की पड़ोसी सुरेश के साथ कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया।

### महिला से छेडछाड़ का आरोप, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कलायत पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलायत थाना के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने आरोप लगाया है कि 9 सितंबर को जबल नामक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। यही नहीं उसके द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी द्वारा मारपीट भी की गई।

### रंजिशन मारपीट करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकगागर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकगागर निवासी सिकंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के सोनू से कहासुनी हो गई थी। जिस पर सोनू तथा उसके परिजनों ने उस पर हमला कर दिया।

### आत्महत्या के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल शहर क्षेत्र में एक महिला को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना शहर एसएचओ लेडी इंस्पेक्टर गीता देवी की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया।

### ससुराल के लिए निकली महिला लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ से ससुराल के निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 अगस्त को उसकी बेटी घर से ससुराल के लिए निकली थी। जिसके बाद वह न तो ससुराल पहुंची और न ही अपने घर लौटी।

### गांव सेरधा में मारपीट में एक महिला घायल

**कैथल।** सेरधा में मारपीट में एक महिला घायल हो गई। सेरधा की राजो देवी ने शिकायत में बताया कि 7 सितंबर को विक्की और प्रवीण नामक व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट करते घायल कर दिया। सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### *70 अंक मिले तो अस्पताल होगा पास, वरना हो जाएगा फेल*

# जिला नागरिक अस्पताल में काया कल्प की टीम ने जांची व्यवस्थाएं

### *लेबर रुम में इमरजेंसी मरीजों के बचाव की जानकारी नहीं दे पाई नर्स*

**निरीक्षण के आधार पर टीम अस्पताल को देगी नंबर**



जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल में वीरवार को कायाकल्प की टीम ने हर वार्ड में जाकर निरीक्षण किया। लैब, लेबरए गायनी वार्ड का निरीक्षण किया। जहां पर साफ-सफाई बेहतर मिली। टीम ने जब लेबर रुम में नर्सिंग स्टॉफ से इलाज से संबंधित व गंभीर अवस्था की महिलाओं के बारे में सवाल किए तो नर्सिंग टीम जवाब नहीं दे पाई। इस दौरान टीम ने लेबर वार्ड में ड्यूटीरत कर्मियों को जानकारी दी। किसी प्रकार गंभीर अवस्था के मरीजों को उपचार देना है। इसके अलावा लैब की व्यवस्थाएं जांची। गायनी वार्ड का निरीक्षण किया व चिकित्सकों से बातचीत की। हालांकि इस बार काया कल्प की टीम को अस्पताल में ज्यादा कमियां नहीं मिली। अब निरीक्षण के आधार पर यह टीम अस्पताल को नंबर देगी। काया कल्प की टीम अस्पताल की जांच करने के बाद 100 में से अंक देती है। अगर 70 से ज्यादा अंक यह टीम देती है तो अस्पताल की परीक्षा पास होती है। अन्यथा इसके बाद फिर से मौका दिया जाता है। पहले भी टीम ने दौरा किया था। उस समय कुछ खामियां मिली थी। उनको दूर करवाने के लिए दोबारा समय दिया । हालांकि टीम सदस्यों ने बताया कि अस्पताल में पहले से बेहतर सुविधाएं व साफ सफाई है।

**नागरिक अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं बेहतर**

नागरिक अस्पताल लैब इंचार्ज डा. अजय चालिया ने बताया कि नागरिक अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं बेहतर हैं। कायाकल्प की टीम को सभी तरह की व्यवस्थाएं बेहतर मिली। अस्पताल में साफ.-सफाई, इंफेक्शन कंट्रोल, बायोमेडिकल वेस्ट, डिस्पोजल व पेशेंट केयर से संबंधित सभी व्यवस्थाएं अच्छी मिली हैं। कायाकल्प की टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही रैंकिंग का पता लगेगा।

**नकद पुरस्कार मिलेगा**

अस्पताल के चिकित्सकों ने अपनी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। टीम ने हर वार्ड में डस्टबिन, फार्मासिस्ट से एक्सपायरी दवाईयों के बारे में पूछा गया। इसके अलावा टीम ने इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, ओपीडी, ब्लड बैंक समेत सभी वार्डों की जांच की। ब्लड बैंक में रजिस्टर में दर्ज मरीजों की जांच की। अगर जांच में टीम संतुष्ट हुई तो 70 अंक में अस्पताल की परीक्षा पास होगी और अस्पताल को 80 से ज्यादा अंक दिए जाते हैं तो नगद पुरस्कार मिलेगा। इस टीम के आने से पहले हर वार्ड में तैयारी की गई थी। सभी जगह चद्दर तो स्ट्रेचर तक व्यवस्थित लगाए गए थे।

# तीन दिन से लापता गांव ईंटल खुर्द के युवक का शव तलाब में तैरता मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव ईंटल खुर्द से तीन दिन पहले गायब हुए युवक का शव गांव के तलाब से बरामद हुआ है। शव की दशा को देखते हुए पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रेफर किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा अमल मे लाई जाएगी। गांव ईंटल खुर्द निवासी संदीप (25) गत नौ सितंबर देर शाम को फोन आने पर उसे सुनाता हुआ बाहर चला गया। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। देर रात तक घर न आने पर परिजनों ने उसे तलाशा भी लेकिन संदीप का कोई सुराग नही लगा। उसका फोन भी स्विच ऑफ आया। जिसके बाद संदीप के दादा पूर्व सरपंच सूरजमल ने गत दस सितंबर को सदर थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया था। वीरवार को गांव के तलाब में संदीप का शव तैरता देखा गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया है।

**जांच जारी**

सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले गायब हुए युवक का शव गांव के तलाब से बरामद हुआ है। शव को पीजीआई खानपुर रेफर किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

## खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर आधा दर्जन गैस सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने छापामारी कर सिलेंडर किया जप्त किए । विभाग को शिकायत मिल रही थी जिस पर कार्यवाही करते टीम ने दुकानों पर छापामारी की। जिससे आठ सिलेंडर जब्त किए गए हैं। खाद्य पूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें आमजन की शिकायतों पर राजौंद ब्लॉक में घेरलू सिलेंडरो को गैर कानूनी तरीके से प्रयोग करने वाले दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 घेरलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। बताया कि छापामारी टीम में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी बिजेंद्र सिंह व निरीक्षक कुलदीप मोर द्वारा आमजन की शिकायतों पर सिलेंडरो को गैर कानूनी तरीके से प्रयोग करने वाले दुकानों पर कार्रवाई करते 8 घेरलू सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है।

**कार्रवाई जारी रहेगी**

उन्होंने कहा भविष्य के लिए भी कड़ी चेतावनी दी गई है ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही आगे भी इसी तरह चलती रहेगी। घरेलू गैस सिलेंडरों का गैर तरीके से प्रयोग करने वाले दुकानदारो किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 5.64 लाख रुपये हड़पे

**जींद।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति के पांच लाख 64 हजार रुपये हड़प लिए। शिकायत के आधार साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया 19 अगस्त को उसके व्हाट्सअप से लिंक आया हुआ था। जिसके क्लिक करने के साथ वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग में अच्छे मुनाफे के बारे में बताया गया था। जिसके बाद उसके पास व्हाट्सअप कॉल आई। जिसने खुद का एक्सपर्ट बताया। विश्वास पर उसकी आईडी बना दी गई। जिसमें उसने राशि को निवेश करना शुरू कर दिया। निवेश राशि पर मुनाफा भी दिखाया जाता रहा।

# अवैध कालोनी में चलाया पीला पंजा

- कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अवैध कालोनियों की सड़क हटवाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल की राजस्व संपदा पट्टी गादड़ में पनप रही दो अवैध कालोनियों में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनियों में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि कैथल की राजस्व संपदा पट्टी गादड़ में करीब 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में मिट्टी से बनी सड़कें तथा दूसरी कालोनी में नवनिर्मित डीपीसी को शुरूआती चरण में जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को नहीं रोका था।

# सीएम फलाइंग ने सीएचसी कंडेला का किया निरीक्षण

### *कर्मचारियों में हड़कंप, टीम ने सीएचसी के काम को संतोषजनक बताया*

- कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर समेत सीएचसी का रिकार्ड खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



सीएम फलाइंग ने गुरूवार को डीएसपी पवन शर्मा के नेतृत्व में सीएचसी कंडेला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर समेत सीएचसी का रिकार्ड खंगाला। हालांकि टीम ने सीएचसी के काम को संतोषजनक बताया। टीम आने की भनक लगते ही सीएचसी स्थित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और इधर-उधर टल कर्मचारी तुरंत अपनी-अपनी सीटों पर बैठ नजर आए। सीएम फलाइंग डीएसपी पवन शर्मा ने बताया कि टीम ने वीरवार को सीएचसी कंडेला का औचक निरीक्षण किया है। जिसमें कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर समेत भवन की स्थिति की बारीकी से जानकारी ली है। हालांकि सीएचसी का काम संतोषजनक पाया है। सीएचसी स्थित कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर समेत अन्य कार्यो के कागजात कब्जे में लिए हैं। आगे जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। डीएसपी ने बताया कि प्रदेश के सीएम तथा उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार समय-समय पर सीएचसी समेत अन्य सरकारी संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जाता है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि सरकार द्वारा लोगों के हितों के लिए चलाई योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचे। भविष्य में भी टीम द्वारा सीएचसी, पीएचसी तथा अन्य सरकारी संस्थाओं का औचक निरीक्षण जारी रहेगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**सब ठीक-ठाक पाया**

सीएचसी कंडेला के एसएमओ कुलदीप ने बताया कि गुरूवार को सीएम फलाइंग की टीम ने सीएचसी कंडेला का औचक निरीक्षण किया था। जिसमें सीएचसी में साफ-सफाई, मरीजों को मिल रहे लाभ तथा स्टाफ के व्यवहार को लेकर मरीजों से बात की। जिसमे सब ठीक-ठाक पाया गया।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल का रामप्रताप के निवास पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत

**कैथल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का रामप्रताप गुप्ता के निवास स्थान पर किया गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े के दौरान समाज सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा व आप भी सभी सदस्य इस सेवा में उनके साथ लगें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा भारतीय जनता पार्टी के संस्कार, सेवा भाव और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है। बैठक के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि इस पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 75 यूनिट रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 18 सितम्बर को स्वास्थ्य जांच शिविर एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन होगा।

# सीएमओ को सौंपा मांगपत्र

- स्वास्थ्यकर्मियों की भिवानी डेपुटेशन रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीएमओ को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा ने गुरूवार को मांगों को लेकर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान विकास कुमार, जिला मंत्री संदीप, सोनू बूरा, राममेहर, फूल कुमार, रामकली, कविता ने कहा कि पंडित नेकी राम शर्मा गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज भिवानी डेपुटेशन रद्द की जाए। जिस भी कर्मचारी की डेपुटेशन पंडित नेकी राम शर्मा की गई है, उन्हें न तो टीए और न ही डीए दिया जाता है। इस कारण कर्मचारियों का आधे से ज्यादा वेतन आने-जाने में खर्च हो जाता है। इससे परिवार का पालन पोषण करने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सभी कर्मचारियों की डेपुटेशन रद्द की जाए। वहीं एसओपी जारी कर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी एचकेआरएन कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 के अंतर्गत लाया जाए। पांच वर्ष से कम अनुभव वाले कर्मचारियों को भी अधिनियम में शामिल किया जाए। आईटीआई व डिप्लोमाधारी तकनीकी कर्मचारियों को लेवल 1-2 से लेवल तीन में शामिल किया जाए।



पूंडरी। इंडोर स्टेडियम में विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पुंडरीक तीर्थ को किया जाएगा विकसित

**पूंडरी।** पूंडरी हलका विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि अब पूंडरी शहर का विकास नई ऊँचाइयों पर होगा। शहर के लिए 73 करोड़ 58 लाख की लागत से कई विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिससे पूंडरी की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। विधायक गुरुवार को आउटडोर-इनडोर स्टेडियम में 30 लाख रुपए की लागत से बनी चारदीवारी, 5 हाई मास्क लाइट और नेट का उद्घाटन कर रहे थे। शहर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे।आउटडोर-इनडोर स्टेडियम – 30 लाख , अहलूवालिया चौक से इंडोर स्टेडियम तक सीसी सड़क 3 करोड़ 80 लाख रुपए से बनाई जाएगी, पाई रोड पूंडरी सड़क का चौड़ीकरण 89 लाख रुपए,पूंडरी से गामड़ी रोड की विशेष मरम्मत 18 लाख 80 हजार, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइकिल स्टैंड साइड 80 हजार, गवर्नमेंट कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 13 कमरों का मरम्मत कार्य व सफेदी पर 14 लाख, चीमा कॉलोनी में 40 फीट रोड के पास गली का निर्माण 10 लाख रुपए, शिव मंदिर पाई गेट से बिल्लू के घर तक नाला निर्माण 3 लाख रुपए,खटीक मोहल्ला चौक का निर्माण 5 लाख 43 हजार रुपये से किया जाएगा।




कैथल। सहकारी बैंक खुराना को तालाबंदी कर नारेबाजी करते कर्मचारी।

**खाद उपलब्ध न करवाने का आरोप**

**कैथल।** खुराना में बनी चार गांवों की सोसायटी पर किसानों ने वीरवार दोपहर के समय ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने सोसायटी के बाहर हंगामा किया और अधिकारियों से उन्हें खेतों में डालने के लिए खाद व यूरिया उपलब्ध करवाने की मांग की। घटना की सूचना मिलते अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा बुझाकर ताला खुलवाया। प्रदर्शनकारी किसान ओमप्रकाश, राजेश, कृष्ण, गुलाब सिंह, सुभाष व राजकुमार ने कहा कि खुराना प्राथमिक कृषि सहकारी समिति से चार गांवों के हजारों किसानों को खाद व यूरिया मिलता है। यहां से खुराना के अलावा खानपुर, डोहर, कवारतन और खुराना के किसान खाद व यूरिया लेते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उनको फसलों के लिए यह नहीं मिल रहा है। ऐसे में समय पर खाद न मिलने के कारण उनकी फसलें खराब होने के कगार पर हैं।

### हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद लगे चारों तरफ पर्दे

# अब मरीजों को इलाज करवाने में मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खबर का असर

**पर्दे लगाए**



नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में जीर्णोद्धार के कार्य के चलते एमरजेंसी पिछले कई दिनों से खुले हॉल में तो चल रही थी। जिसके कारण धूल व मिट्टी से भी मरीजों को परेशानी थी। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए यहां पर पर्दे लगवा दिए हैं और व्यवस्थाओं में सुधार किया है। गौरतलब है कि पिछले लगभग एक सप्ताह से नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। जहां पर पहले एमरजेंसी चल रही थी। उस जगह को दस से बढ़ाकर 20 बैड का किया जा रहा है। इसके अलावा भी अन्य बेहतर सुविधाएं यहां पर मरीजों के लिए दी जानी हैं। जब तक इस भवन का काम पूरा नहीं होगा। उस समय तक हॉल में एमरजेंसी चलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त दो कमरों में भी वैकल्पिक एमरजेंसी की व्यवस्था की गई है। जहां पर अति गंभीर मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। दो दिन पहले तक हॉल में जो मरीज उपचार ले रहे थे। वहां पर खुले में ही बैड लगे थे। बुधवार के अंक में हरिभूमि ने यह समाचार प्रकाशित किया तो यहां पर पर्दों की दो से तीन लेयर लगाई। इससे यहां पर दाखिल मरीजों को बेहतर सुविधा मिली। इस भवन का जीर्णोद्धार 14.90 लाख रुपये से किया जा रहा है। इसके चलते अस्पताल के पास अलग से एमरजेंसी चलाने के लिए जगह नहीं है।

**अस्थाई सुविधा मरीजों को दी जा रही**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एक सप्ताह में अस्पताल का लगभग पूरा काम हो जाएगी। इसके बाद मरीजों को एमरजेंसी में निजी अस्पतालों से भी बेहतर सुविधा मिलेगी। एमरजेंसी के विस्तार तक मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए खुले हॉल में चलाई जा रही एमरजेंसी में पर्दे लगाकर मरीजों को राहत दी है। यह अस्थाई सुविधा मरीजों को दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कार सवार से मारपीट करने पर 12 नामजद

**जींद।** गांव अमरगढ़ में कार सवार व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अमरगढ़ निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम को अपनी गाड़ी में सवार होकर घर लौट रहा था। सड़क पर खड़े लोगों से कारण पूछ रहा था। उसी दौरान लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

### घर से अढाई लाख की नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव सिंघाना घर से अढ़ाई लाख रुपये गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह कार्यवश बाहर गया हुआ था। पीछे से चोर घर में घुस गए और अढाई लाख रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। जोगेंद्र ने आरोप लगाया कि मंदीप, सुनील तथा सोमा ने उसके घर से नगदी को चोरी किया है।

### स्कूल के लिए निकली युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** सफीदों घर से स्कूल के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी साढ़े 18 वर्षीय बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी।

### उचाना में भाजपा की मीटिंग आज

**उचाना।** उचाना के बस स्टैंड के पास ब्राह्मण धर्मशाला में 12 सितंबर को भाजपा की मीटिंग होगी। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मंडलध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि मीटिंग में उचाना कलां विधानसभा भाजपा कार्यकर्ता, पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्षों, बूथ पालकों, बीएल 2, शक्ति केंद्र प्रमुखों, सह प्रमुखों, पालकों एवं समस्त कार्यकारिणी, सक्रिय सदस्यों हिस्सा लेंगे।

### धन धर्म से बढ़कर नहीः पंडित रामनिवास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पं.रामनिवास अहिरका ने कहा कि महाभारत के युद्ध के बाद एक दिन अर्जुन ने राजसुय यज्ञ करवाने के लिए उसके कुछ कर्मचारियों को नगर के निकट ही पत्तों की झोपड़ी मे रहने वाले एक विद्वान संतोषी ब्राह्मण के पास भेजा। ब्राह्मण से कहा कि हे मुनिश्रेष्ठ महाराज अर्जुन आपसे एक बहुत बड़ा यज्ञ करवाना चाहते हैं।

### गर्भावस्था में संतुलित आहार बहुत जरूरी

**जींद।** गांव जामनी में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इस दौरान भाजपा की जिला सचिव अनिता जामनी ने कहा कि गर्भावस्था में आवश्यक है संतुलित आहार और समय पर टीकाकरण ताकि भ्रूण स्वस्थ रहें। महिलाएं अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जी, सलाद और दूध का सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग के डा. आनंद भारद्वाज ने बताया कि गर्भावस्था में समय-समय पर टीकाकरण करवाना आवश्यक हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 15 से

**नरवाना।** विश्वास फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में टोहाना रोड पर स्थित मां काली शिव शनि मंदिर में आगामी 15 से 21 सितम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा शुरू होने से पूर्व 15 सितंबर को बाबा गैबी साहब मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली जाएगी।

### विदेश भेजकर युवक को बनाया बंधक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के शामलो कला गांव के बाबरी ने बताया कि उसी के गांव का अमन नामक एक व्यक्ति ने उसके लड़के 21 वर्षीय दीपक को यह कहकर थाईलैंड भेज दिया कि वह हर माह एक लाख 20 हजार रुपये नौकरी लगवाएगा और दीपक को वहाँ पर कंप्यूटर पर काम करना है। अमन ने कागजात तैयार कर दीपक को थाईलैंड फरवरी माह में भेज दिया।

---

*गरीब परिवारों को आज तक रिहायशी प्लॉट नही मिले*

# जलालपुर कलां के ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

*नाममात्र जमीन में एक ही मकान में दो-दो, तीन-तीन पीढ़ियां रह रही*

**अधिकारियों ने आवश्यक कदम उठाने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जींद ब्लॉक के जलालपुर कलां गांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को आवास से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गांव के अनेक गरीब परिवारों को आज तक रिहायशी प्लॉट उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। जिसके कारण उन्हें जीवन यापन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाधान शिविर में आएं हुए लोगों का नेतृत्व राजेश कुमार ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश परिवार भारी कठिनाइयों का सामना करके जीवन बिता रहे हैं। एक ही मकान में दो-दो, तीन-तीन पीढ़ियां रह रही हैं और नाममात्र ही जमीन है। बारिश मौसम में घरों में पानी भर जाता है, गर्मी में छत की कमी से बच्चों और बुजुर्गों की सेहत खराब हो जाती है और सर्दी में उचित आवास न होने से परिवारों को खुले वातावरण में रहना पड़ता है। ग्रामीण पवन कुमार ने कहा कि हमारे पास रहने की स्थायी जगह नही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। महिलाएं असुरक्षित वातावरण में जीवन जी रही हैं और बुजुर्गों को उचित देखभाल नहीं मिल रही। कांग्रेस सरकार में आसपास के गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लाट कट चुके हैं लेकिन तब भी हमारे गांव में एक भी प्लाट नही काटा गया है। इसलिए मजबूरी में प्रशासन से इस उम्मीद से हम ग्रामीणों ने गुहार लगाई कि हमारा समाधान होगा और रिहायशी प्लाट मिलेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि आवास हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता है। बिना मकान के हम अपने परिवार के साथ सम्मानपूर्वक जीवन नहीं जी सकते हैं। प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेगा और जल्द राहत दे। यह मुद्दा केवल एक सुविधा का नहीं बल्कि मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों से जुड़ा हुआ है। प्रशासन शीघ्र कार्यवाही कर पात्र गरीब परिवारों को प्लाट उपलब्ध कराए ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें। शिविर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि संबंधित विभागों से समन्वय कर आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को प्लॉट उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी।



जींद। डीसी से मिलने आए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

ग्रामीणों ने मांग की कि आवास योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और समय पर प्लॉट आवंटन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर श्यामलाल नंबरदार, जयपाल, जगदीश, सुरेश, रोशनी, मीना, संतरो, बिमला, सरोज, पूनम, फूल देवी, भतेरी आदि ग्रामीण समाधान शिविर पर पहुंचे।

---

# पदक विजेताओ को किया सम्मानित

- इंडस स्कूल के तलवारबाजों ने 58वीं स्टेट स्कूल गेम्स में मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस स्कूल के फेंसिंग खिलाड़ियों ने 58वीं स्टेट स्कूल गेम्स फरीदाबाद में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण, दो रजत व पांच कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ियों ने अंडर 14 और अंडर 19 दोनों वर्गों में शानदार फार्म दिखाते स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। अंडर 14 बालक वर्ग में एपी टीम में वेदांत ने स्वर्ण, फ्लोरे टीम वेदांत ने स्वर्ण, सब्रे टीम आरव, भामंशु, रोनक ने स्वर्ण, फ्लोरे व्यक्तिगत वेदांत ने कांस्य, एपी व्यक्तिगत वेदांत ने रजत, सब्रे व्यक्तिगत आरव ने रजत जीता। अंडर 14 बालिका वर्ग में एपी टीम अनुष्का ने स्वर्ण, फ्लोरे टीम अनुष्का ने स्वर्ण, फ्लोरे व्यक्तिगत अनुष्का ने कांस्य पदक जीता।



जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता इंडस स्कूल के खिलाड़ी।

**सात खिलाड़ी नेशनल के लिए सिलेक्ट**

अंडर 19 बालक वर्ग में सब्रे टीम आरव, वीर, अरमान ने रजत, एपी टीम अरमान, आरव ने स्वर्ण, सब्रे व्यक्तिगत आरव ने कांस्य पदक जीता। अंडर 19 बालिका वर्ग में एपी टीम सृष्टि ने कांस्य, फ्लोरे टीम कनुप्रिया ने स्वर्ण, सब्रे टीम कनुप्रिया ने कांस्य, फ्लोरे व्यक्तिगत कनुप्रिया ने स्वर्ण, एपी व्यक्तिगत सृष्टि ने कांस्य पदक जीता। इंडस स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल मिलाकर शानदार संख्या में स्वण,ए रजत और कांस्य पदक जीत कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सात खिलाड़ी नेशनल के लिए सिलेक्ट हुए हैं।



जींद। महिला थाना में बाल विवाह को लेकर जानकारी देते हुए।

### बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**जींद।** महिला थाना में वीरवार को बाल विवाह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी मोनिका ने आमजन को बाल विवाह अधिनियम तथा इसके दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। महिला थाना प्रभारी मोनिका ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह एक ऐसा विवाह है, जिसमें लड़का या लड़की में से कोई अवस्यक हो अर्थात लड़की 18 वर्ष से, लड़का 21 वर्ष से कम ना हो। बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। जिसके तहत दो वर्ष तक कठोर कारावास की सजा या एक लाख रुपये या दोनों एक साथ दंड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह का आयोजन करने वाले व उसमें शामिल होने वाले भी दंडनीय हैं। इसलिए सभी का दायित्व बनता है कि जहां भी बाल विवाह हो रहा हो तो उसकी शिकायत पुलिस थाना, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी या मैट्रो पोलिटन मैजिस्ट्रेट के सम्मुख दर्ज करवाई जा सकती है।

### ट्रैक्टर चोर चढ़ा सीआइए के हत्थे, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने चोरीशुदा ट्रैक्टर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों पानीपत रोड पर आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुई थी। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरीशुदा स्वराज टैक्टर को बेचने के लिए सफीदों की तरफ लाया जा रहा है। कुछ समय के बाद पुलिसकर्मियों ने पानीपत की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर को रूकवा कर उसके चालक से दस्तावेज मांगे। आरोपित उन्हें दिखाने मे नाकाम रहा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव सिवाहा पानीपत निवासी अभिषेक के रूप में हुई। आरोपित ने स्वीकार किया कि ट्रैक्टर चोरी का है। जिसे गांव बुढाखेड़ा से चुराया गया था। जांचने पर पाया गया कि गत सितंबर को गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी नरेंद्र का स्वराज ट्रैक्टर चोरी हो गया था।

---

**आदर्श स्कूल के खिलाड़ी छाए**

**नरवाना।** हरियाणा सरकार द्वारा तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता आठ सितंबर से 10 सितंबर तक फरीदाबाद में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रांत के बहुत सारे खिलाडियों ने भाग लिया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के नौवीं कक्षा के छात्र दीपक पुत्र कैलाश अंडर 17 ने प्रांत के सभी खिलाडियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त किया और एसजीएफआई में प्रवेश किया। इसी प्रकार दसवीं कक्षा के छात्र आदित्य पुत्र बलबीर ने भी सात साल का रिकॉर्ड तोड़कर ट्रॉफी पर कब्जा किया और टीम के साथ गोल्ड मैडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों के नरवाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर विद्यालय परिवार द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया और बधाई दी। इस खुशी के अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष कृष्ण, प्रबंधक दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं समस्त समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रधानाचार्य जोगिंद्र सिंह ने बच्चों को खेलों का महत्व बताया और प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खिलाडियों को साधुवाद दिया।



नरवाना रेलवे स्टेशन पर विजेता खिलाडियों व अध्यापकों का स्वागत करते हुए।



नरवाना। डीएवी स्कूल में प्रतियोगिता में गीत सुनाती हुई छात्रा।

**गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन**

**नरवाना।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में वीरवार को कक्षा छठी से आठवीं तक के लगभग 50 बच्चों ने गीत गायन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता का आयोजन गतिविधि इंचार्ज मोनिका हांडा के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें निर्णायक की भूमिका जसवीर सिंह ने निभाई। इस अवसर पर हिंदी अध्यापिका संतोष देवी, ज्योति गोयत और सुरेश कुमार मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा छठी से अश्विका ए द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आरवी और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली दीक्षा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**सरकार ने जारी किया ये आदेश**

**जींद ।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान के तहत एचआईवी और एडस जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसका शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम संचालिका डॉक्टर पिंकी ने जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने व इसके साथ जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। रेड रिबन क्लब में छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया तथा अन्य छात्राओं को इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जागरूक किया।




जींद। रैली निकालते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। आरजीएम उचाना में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी।

**भाषण प्रतियोगिता में सुमित प्रथम**

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय में उचाना में उद्यमिता पखवाड़ा मनाने अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों ने निबंध, लेखन, स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। महाविद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं में स्लोगन राइटिंग में मोनी प्रथम, नीतू द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में खुशी एवं निशा प्रथम, किरण दूसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में रमन प्रथम, अनीशा द्वितीय एवं आशीष तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में सुमित प्रथम, रमन द्वितीय एवं आशीष तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संचालन सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. प्रीति, डॉ. रवीश, रेनू ने किया।

---



उचाना। समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

### विधायक ने जनसमस्याए सुनी

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुना। अत्री ने कहा कि जिन गांव में जलभराव है वहां की रिपोर्ट निरंतर अधिकारियों से ले रहे है। किसानों को किसी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई को लेकर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है तो 15 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा सरकार फसल का देगी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले इसको लेकर सोहना में जापान की कंपनी एटीएल ने तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। एशिया की सबसे बड़ी लिथियम बैट्री फैक्टरी यहां पर लगेगी। फैक्ट्री लगने से प्रदेश के 5 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसर भी पैदा होगा। कहा कि दिवाली से पहले नायब सरकार 25 हजार परिवारों के सपनों को पूरा करेगी। 561 गांवों, 16 कस्बों के 25 हजार लोगों को 100 और 50-50 गज के प्लाट मिलेंगे। प्लाट के पास सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं होगी। जो प्राकृतिक आपदा प्रदेश में आई है उसको लेकर सीएम नायब सिंह सैनी प्रदेश में बारिश के जलभराव, बाढ़ से पीड़ित क्षेत्रों का दौरा कर चुके है।

# सीजेएम ने किया पानी निकासी का निरीक्षण

- ग्रामीणों से बात कर पानी निकासी समस्याओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने गुरूवार को दुर्जनपुर व उदयपुर के राजकीय सी सेकेंडरी स्कूल में पहुंची। इसके बाद सीजेएम ने गांवों में बरसाती पानी निकासी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत कर पानी निकासी संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीजेएम को ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रशासन द्वारा लगातार पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है। सीजेएम मोनिका ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य को गंभीरता से लें।

सीजेएम ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान होगा और निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील कि वे किसी भी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित विभाग तक पहुंचाएं ताकि समय रहते उसका हल किया जा सके। बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी व सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सहायता हैल्पलाइन नंबर 15100 या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हैल्पलाइन नंबर 01681-245048 पर घर बैठे ले सकते हैं।



जींद। बरसाती पानी निकासी का जायजा लेते सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि



जींद। बातचीत करते सतपाल उर्फ पाल व दीपक वर्मा। फोटो :हरिभूमि

### बीआईएस की कार्रवाई रूटीन कार्रवाई : वर्मा

**जींद।** पहलवान ज्वैलर्स के दीपक वर्मा व पाल ज्वैलर्स के सतपाल उर्फ पाल ने बुधवार को उनकी शॉप पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कार्रवाई रूटीन की कार्रवाई थी। बीआईएस टीम द्वारा प्रतिवर्ष छह माह या साल में ऐसी कार्रवाई की जाती है। बाकायदा ज्वैलर्स शॉप से सैंपल लिए जाते हैं और उन्हें लैबोरेटरी भेजा जाता है। यह पहले भी होता रहा है और आगे भी होता रहेगा। आजतक उनकी शॉप से जितने भी सैंपल लिए गए हैं, वो सब पास हुए हैं। बाकाया सैंपल पास का प्रूफ भी उनके पास है। जो सैंपल गए हैं, कभी उस पर कोई दिक्कत नही आई है। उनकी शॉप के सभी सैंपल पास होते आए हैं और जो बुधवार को कार्रवाई के दौरान लिए गए हैं, वो भी पास होंगे। उनकी शॉप से लिएसैंपल में जितना कैरेट सोने पर लिखा होता है, उतना ही पास होकर आया भी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि नकली जेवर पर होलमार्क करवा-करवा कर गहने (सोने के आभूषण) दिए गए हैं, जिससे लोगों के मन में भ्रम पैदा हो गया है के जो सामान हमने पहलवान ज्वैलर्स से लिया है वो नकली है।

---

*महिलाएं अमृत मित्रा के तहत करेंगी घरों का सर्वे*

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पानी में जांचेगी क्लोरीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत अमृत मित्रा योजना के तहत जींद शहर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विभाग के सहयोग से हर घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए जींद शहर में घरों का सर्वे करेगी और पेयजल की जांच का कार्य करेंगी। जींद में दो प्रोजेक्ट के तहत दो स्वयं सहायता समूह को यह कार्य आबंटित किया है। गुरूवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता भानू प्रकाश शर्मा ने बताया कि इन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल्द ही प्रशिक्षण देकर हाउस होल्ड सर्वे व पेयजल जांच का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। स्वयं सहायता समूह को यह कार्य चार महीने के लिए दिया गया है। जिसमें दोनों सवयं समूह की महिलाएं शहर के आधे-आधे वार्डों में कार्य करेंगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया की विभाग द्वारा मां मनसा स्वयं सहायता समूह व अरमान स्वयं सहायता समूह को यह कार्य दिया गया है। इस कार्य में इन महिलाओं को शहर के घरों का सर्वे करके डाटा विश्वास की साइट पर ऑनलाइन करना है जिससे यह पता चल सकेगा की कितने घरों में पेयजल व सीवरेज के कनैक्शन नियमित या अनियमित है। इसके साथ ही महिलाएं प्रतिदिन क्लोरिन के टैस्ट करेंगी ताकि यह पता चल सके की घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया की दोनों समूह को प्रतिदिन 25-25 घरों का सर्वे करना है। जिसमें उन्हें 75 रुपये प्रति घर के हिसाब से दिए जाएंगे। दोनो समूह की महिलाएं प्रतिदिन दो-दो क्लोरिन टैस्ट करेंगी।



जींद। किट के साथ महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**आठवीं पास योग्यता जरूरी: रणधीर मताना**

जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि यह कार्य उस स्वयं सहायता समूह को दिया गया है। जो राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत रजिस्टर्ड हो और ग्रुप की नियमित मीटिंग नियमित सेविंग सहित सभी रिकोर्ड अच्छा ओर अपडेट रखता हो। कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आठवीं पास होना जरूरी और स्वयं सहायता समूह का कोई अपराधिक कार्ड ना हो। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डिजिटल साक्षर होना भी जरूरी है ताकि इंट्री से सम्बंधित कार्य मोबाईल से कर सके।



जींद। शिकायतों का समाधान करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर से जनता को मिल रहा त्वरित लाभ

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान शिविर पहल जिलावासियों के लिए राहतकारी साबित हो रही है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध हो रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता एडीसी विवेक आर्य ने की। एडीसी ने बताया कि शिविरों में सबसे अधिक आवेदन पीपीपी में आय संबंधी त्रुटियों को सुधारने को लेकर आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड, पेंशन, पुलिस, बिजली विभाग तथा अन्य विभागीय विषयों से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं। कहा कि इन सभी समस्याओं के शीघ्र निपटान हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि शिकायतकर्ताओं को तुरंत राहत मिल सके। समाधान शिविर में एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### 274 टीबी मरीजों को बांटी पोषण किट

**कैथल।** निःक्षय मित्र योजना के तहत सिविल सर्जन कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ. रेनू चावला तथा उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप बातिश की अध्यक्षता में एनआईआईएलएम विवि की ओर से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 टीबी मरीजों को तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एमडीआर टीबी के 174 मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई।

### खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** भागल चौकी पुलिस ने खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी के आरोपी पटियाला के विकास नगर निवासी जसपाल को काबू किया है। एएसआई जसपाल ने बताया कि भागल के अशोक ने खेत में कोठा का ताला तोड़कर सम्बर्सिबल मोटर 50 फुट तार, सिलेंडर व 3 अन्य खेत पड़ोसियपों के खेत कोठा से 140 फुट तार व 3 सिलेंडर चोरी की शिकायत दी थी। आरोपी चोरी का सिलेंडर व एक हजार की नकदी बरामद की। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### नपा ने कवमावि में चलाया सफाई अभियान

**सीवन।** सीवन नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पालिका सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में कस्बा सीवन के फिरोजपुर रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान सीवन के युवाओं, नगर पालिका के स्टाफ और सफाई कर्मचारियों ने मिलकर स्कूल के कक्षाओं, बरामदों, पार्क और क्यारियों की सफाई की। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय परिसर को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना था।

### राजेश कुमार बने एसकेएस के खंड प्रधान

**सीवन।** मॉडल संस्कृति स्कूल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का त्रिवार्षिक ब्लॉक प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से खंड कमेटी चुनी गइ्र। राजेश कुमार को प्रधान, स्वराज सिंह को सचिव, सतपाल पांचाल को कैशियर, संतोष को उप-प्रधान, विष्णु दत्त को सह-सचिव, राजकुमार को प्रैस सचिव, बलकार को-ऑडिटर चुना गया। शीशपाल शर्मा, गोपाल दास, नरेश कुमार, धनपत और रोशन लाल को खंड कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया।

### केमिस्ट नशा खत्म करने में करें सहयोग

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि केमिस्ट नशे को खत्म करने में जिला प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें। मेडिकल स्टोर पर नियमित निगरानी की जा रही है। केमिस्ट पंजीकृत डॉक्टर की पर्ची के बिना नशीली दवाइयां न दें। एनआरएक्स रजिस्टर लगने के साथ-साथ मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने सुनिश्चित करें। हमें नशे को जड़ से खत्म करना है और यह केमिस्टों सहित सभी के सहयोग से ही संभाव हो सकता है। नशा समाज व देश के माथे पर कलंक है।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**कैथल।** नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल ने बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए सहायता भेजने का निर्णय लिया। निदेशक पलक अग्रवाल व राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ विवेक गर्ग की अगुवाई में टीम ने अमृतसर के पाकिस्तान से सटे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची। डॉ दया गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, सतपाल मंगला, कमल गर्ग, वैभव बंसल, जीतेंद्र बंसल, डॉ मनोज बंसल, पंकज शर्मा मौजूद रहे।

---

#### जम्मू कश्मीर में आतंकियों से लड़ते हुए दी थी शहादत

# शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के परिवार से मिलने पहुंचे सांसद नवीन जिंदल

**जम्मू में पूरी हो चुकी थी टर्म ट्रांसफर होने से पहले देश की सुरक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान, नरेंद्र की शादी की भी चल रही थी बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सांसद नवीन जिंदल ने जम्मू कश्मीर में आतंकियों से लड़ते हुए राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु के परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएँ प्रकट कीं। शहीद के पिता दलबीर सिंह से मिलकर सांसद जिंदल ने कहा कि उनके बेटे का यह बलिदान सदैव सम्मान और गर्व के साथ याद किया जाएगा।

सांसद जिंदल ने शहीद नरेंद्र सिंधु के गांव रोहेड़ा में सरकारी स्कूल का दौरा भी किया। इस दौरान प्रिंसिपल बलविंदर सिंह ने उन्हें बताया कि शहीद नरेंद्र सिंधु इसी स्कूल से पढ़कर सेना में भर्ती हुए थे। इस पर सांसद जिंदल ने गांव के सरकारी स्कूल का नामकरण शहीद नरेंद्र सिंधु के नाम पर करने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के आदेश प्रिंसिपल को निर्देश दिए। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि स्कूल का नाम शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु राजकीय स्कूल रखा जाएगा और यहां उनकी शहादत को समर्पित ध्वज तिरंगा भी लगाया जाएगा। इसके साथ-साथ स्कूल में लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। इसके उपरांत सांसद नवीन जिंदल ने गांव के स्टेडियम का दौरा किया।



कलायत। सांसद नवीन जिंदल शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु के परिजनों से मिलते हुए। फोटो: हरिभूमि

**गांव में बनेगा आधुनिक जिम**

उन्होंने बताया कि शहीद के गांव में स्टेडियम में 5 लाख रुपये खर्च करके आधुनिक जिम स्थापित किया जाएगा। इसके साथ-साथ स्टेडियम में तिरंगा लगाया जाएगा। स्टेडियम की दीवार के साथ पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। जो पौधे लगेंगे वह सांसद नवीन जिंदल अपनी तरफ से भिजवाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी आसपास के गांवों के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**पंकज राणा के घर भी पहुंचे सांसद**

सांसद नवीन जिंदल कलायत निवासी नायक पंकज राणा के घर भी पहुंचे और उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी से उबरने के लिए भगवान से प्रार्थना की।



राजौंद। किठाना पब्लिक स्कूल में शहीद सैनिक नरेंद्र सिंधू को श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## किठाना पब्लिक स्कूल में शहीद नायक नरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

### आतंकियों से मुठभेड़ में हुए शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान रोहेड़ा गांव के वीर सपूत लांस नायक नरेंद्र संधु शहीद हो गए। इस दुखद समाचार से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। गुरुवार को किठाना पब्लिक स्कूल में शोक सभा आयोजित की गई,जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विद्यार्थियों और अध्यापकों ने पुष्प अर्पित कर शहीद को नमन किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। भारत माता की जय और शहीद नरेंद्र संधू अमर रहें।

**दिया सर्वोच्च बलिदान**

प्राचार्या ने कहा कि रोहेड़ा गांव के युवा सैनिक नरेंद्र संधू ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी वह न केवल हमारे गांव और क्षेत्र का गौरव हैं,बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अध्यापकों ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीद नरेंद्र संधू का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

विद्यालय परिवार ने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह इस कठिन समय में परिवार को धैर्य प्रदान करें। शहीद नरेंद्र संधू का यह बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम का संदेश देता रहेगा।

---

#### सड़क हादसे में गंवाई सैनिक ने जान

## ज्योति सैनी और कमलेश ढांडा के साथ परिवार को दी सात्वंना



कलायत। शहीद पंकज राणा परिवार को हौसला देने पहुंचे सांसद नवीन जिंदल, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय सेना की 51 इंजीनियरिंग रेजीमेंट के जांबाज सैनिक कलायत के बेटे पंकज राणा (24) के परिवार को दुख की घड़ी में हिम्मत देने के लिए सांसद नवीन जिंदल बृहस्पतिवार को सैनिक के आवास पर पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा मुख्य रूप से मौजूद रही। सांसद ने कहा कि संकट की घड़ी में हम सब सैनिक परिवार के साथ हैं। सैनिक ने जिस प्रकार कुशलता से अपनी सेवाएं सेना में दी उसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। सरकार की नीति अनुसार सैनिक के आश्रित परिवार की हर संभव मदद होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी और पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि जब सैनिक ड्यूटि पर खड़ा होता है तो देश का हर नागरिक चैन की नींद सोता है। सैनिकों के परिवारों के सामने आई इस कष्ट की स्थिति में हर किसी का सहारा जरूरी है। सैनिक की पत्नी को सरकारी नौकरी व परिवार को सरकारी स्तर पर सहारा प्रदान करने का आग्रह भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू, मनीश शर्मा फरल, भाजपा के जिला आइटी प्रमुख रवींद्र धीमान, मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, अनिल मलिक, पूर्व मंडी प्रधान जयदीप राणा, अजीत चहल, सीवन से मनोनीत पार्षद बलविंद्र जांगड़ा, वीरेंद्र राणा, राजकिशन काका राणा, सचिन शर्मा, पार्षद रेणू धानियां, संजय सिंगला मौजूद रहे।

**श्रीनगर में थे तैनात**

सैनिक के किसान पिता शमशेर सिंह ने बताया कि पंकज सेना की 51 इंजीनियरिंग रेजीमेंट श्रीनगर के द्रास सेक्टर में तैनात थे। वे 10 अगस्त को छुट्टी पर घर आए हुए थे। बीती 20 अगस्त को वे बाइक चला रहे थे और सडक़ दुर्घटना में घायल हो गए थे। चंडी मंदिर स्थित कमांड अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। 9 सितंबर को उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पत्नी व उनके करीब तीन साल के बेटे आर्यन को छोड़ गए। बुधवार को सरोवर तट पर भारी संख्या में नम आंखों ने अंतिम विदाई दी।

---

## गुहला में डोर-टू-डोर पहुंचकर आमजन को नशा न करने बारे किया जागरूक



**कैथल।** जिला पुलिस गांव-गांव और शहर की कॉलोनियों तक पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर रही है। इस अभियान के तहत एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम ने गुहला में विभिन्न स्थानों पर डोर-टू-डोर जाकर लोगों को नशे के खतरों से अवगत कराया तथा उन्हें अपने परिवार और बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, पुलिस टीमों द्वारा एमएएनएएस हेल्पलाइन-1933 की जानकारी भी दी गई, जिससे लोग नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सहायता प्राप्त कर सकें।

#### नियमों का पालने करने के निर्देश

## डीसी ने ली जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति की बैठक

- अधिकारियों को भी दिए निर्देश

**कैथल।** डीसी प्रीति ने लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति तथा जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोकल केबल आपरेटर को निर्देश जारी किए कि वे केबल टीवी नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम की सभी हिदायतों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही समिति के सदस्य अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाएं। डीसी प्रीति ने केबल से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए सीटीएम गुरविंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। डीसी प्रीति ने बिजली विभाग और स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए कि अगर कोई केबल ऑपरेटरों उनके खंभों का इस्तेमाल कर रहा है तो उन्हें नोटिस जारी करते हुए परमिशन लेने के निर्देश जारी करें।

#### एम.कॉम की कनिका रहीं प्रथम

## डीएवी कॉलेज में उभरते उद्यमियों का कमाल उत्पाद प्रदर्शनी में बेहतर इनोवेशन की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

डीएवी महाविद्यालय चीका में उत्पाद प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और व्यवसायिक सोच का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के विक्रय योग्य उत्पाद प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों में चॉकलेट केक, फूल व टोकरी, बैंगल स्टैंड, बिंद्रवाल, कॉइन ईटिंग मशीन, स्क्रंचीज और गुजिया जैसे आकर्षक और नवोन्मेषी आइटम शामिल रहे।

**प्रतियोगिता में रचनात्मकता विक्रय योग्य उत्पाद दिखाते छात्र**



कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें व्यवसाय की बारीकियों से अवगत कराया। वहीं, डॉ. राजेंद्र गोयल ने छात्रों को उत्पाद विक्रय की महत्ता और विपणन कौशल पर मार्गदर्शन दिया। मंच संचालन का कार्य डॉ. सीमा देवी और प्रो. प्रीति ने सफलता पूर्वक निभाया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. एकता, प्रो. पूर्णिमा और प्रो. वैशाली ने निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में एम.कॉम फाइनल वर्ष की कनिका ने प्रथम स्थान, शिवानी (एम.कॉम फाइनल) एवं खुशी (बी.कॉम प्रथम वर्ष) ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, तथा श्वेता (एम.कॉम प्रथम वर्ष) और कशिश (एम.कॉम फाइनल) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी मदद

**कैथल।** हैफेड के पूर्व चेयरमैन एवं गीता भवन मंदिर के प्रधान कैलाश भगत की अगुवाई में गीता भवन सहित 17 संस्थाओं ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एकत्रित किए गए सात लाख रुपये जिला प्रशासन के माध्यम से भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी को सौंपे। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश विशेषरूप से मौजूद रहे हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल में प्राकृतिक आपदा की वजह से लोगों की फसलें खराब हो गई। लोगों की जान चली गई। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गीता भवन सहित 17 संस्थाओं ने मिलकर राहत कोष में सात लाख की सहायता की।

#### नगर पालिका कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## सरकार सफाई, सीवर, फायर व दफ्तर के कर्मचारियों का शोषण बंद करेः शिवचरण

- वक्ताओं ने सरकार पर कर्मचारियों की लगाया अनदेखी का आरोप

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर आज ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता मे देवी लाल पार्क कुरुक्षेत्र रोड पर इकटठे होकर जोरदार प्रदर्शन कर विधायक आदित्य सुरजेवाला के आवास पर उनके नाम उनके चाचा को ज्ञापन सौंपा। जिसका संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया ।




कैथल। प्रदर्शन करते नपा कर्मचारी। फोटोः हरिभूमि

**कर्मचारियों से 15-15 घंटे लिया जा रहा काम**

जिला प्रधान शिवचरण, एसकेएस जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा , राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, सीटू के जिला प्रधान बसाऊ राम व जिला प्रधान गौरव टाँक ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई अभियान के नाम पर सफाई व दफ्तर के कर्मचारियो का शोषण व उत्पीड़न कर रही है। 15 -15 घंटें लगातार काम लिया जा रहा है। उसके बदले न तो रेस्ट दिया जा रहा ओर ना ही ओवर टाइम दिया जा रहा। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए हाथ व रिक्सा रेहड़ी व सफाई के पूरे उपकरण भी नही दिए जा रहे।

## पोस्टर मेकिंग व क्विज प्रतियोगिता में आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी छाए



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के विद्यार्थियों ने बी.आर. अम्बेडकर कॉलेज के"एनवायरनमेंटल अवेयरनेस - बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चिराग बी ए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान हासिल कर 700 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में गर्विता और कशिश बीएससी तृतीय वर्ष की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें 300 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर एवं सांस्कृतिक विधाओं के इंचार्ज डॉ अशोक अत्रि एवं फाईन आर्ट्स की संयोजिका डॉ अनुकृती ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### फसल अवशेष प्रबंधन आज समय की मांग

- फसल अवशेष प्रबंधन विषय को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** शेरगढ़ स्थित पॉलिटेक्निक कालेज में फसल अवशेष प्रबंधन विषय को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अधीनस्थ स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के वैज्ञानिक एवं फसल अवशेष प्रबंधन के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फसल अवशेष, अवशेष नहीं हैं, बल्कि किसान के लिए विशेष हैं तथा इनका प्रबंधन समय की मांग है। सरकार द्वारा किसानों को अनुदान पर मशीनें जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सरफेस सीडर, जीरो टिलेज मशीन, मल्चर, चॉपर तथा रोटावेटर दिए जाते हैं। जिनका उपयोग करके किसान फसल अवशेषों का यथास्थान प्रबंधन कर सकते हैं। अधिक उपज लेने के लिए खरपतवारों का नियंत्रण करें व फसल में पानी व पोषक तत्वों की कमी न होने दें। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जसबीर सिंह ने कहा कि धान के फानों में आग लगाने से आबो-हवा प्रदूषित होती हैं।

---

**आयोजन** | जाट कॉलेज : बच्चों में मोबाइल के बढ़ते प्रयोग, नशे व कानूनी जानकारी पर विशेष व्याख्यान

**विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाना व कानून की जानकारी देना ही उद्देश्य**

# माता-पिता बचपन में ही अपने बच्चों को लगवा रहे मोबाइल की लत : डा. विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट बी.एड. कॉलेज, कैथल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर सिविल अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर विनय गुप्ता व जिला न्यायालय में एडवोकेट जय भगवान शर्मा ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की व विशिष्ट अतिथि के तौर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल समस्त कार्यकारिणी करने के साथ पहुंचे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह ढिल्लों व समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुख्य वक्ता डॉ विनय गुप्ता , एडवोकेट जय भगवान शर्मा प्रधान जाट हाई स्कूल सोसाइटी व समस्त कार्यकारिणी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ दिनेश ढिल्लों ने दोनों मुख्य वक्ताओं का परिचय छात्रों से करवाया और बताया कि आज का यह व्याख्यान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशों की अनुपालना में करवाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को कानूनी अधिकारों की जानकारी व समाज में बढ़ती नशे की लत से बचाव बारे जागरूक करना है।



कैथल। विशेष व्याख्यान उपरांत पदाधिकारियों के साथ जाट स्कूल के विद्यार्थी।

**अभिभावक दोषी**

डॉक्टर विनय गुप्ता ने कहा कि आज का युवा मोबाइल की लत का शिकार हो चुका है जो एक तरह से नशा ही है। इसमें सबसे बड़ा दोष बच्चों के माता-पिता का है क्योंकि वे बचपन से ही बच्चों को मोबाइल की लत लगवा रहे हैं। बच्चा खाना न खाए, बाहर घूमने की जिद्द करें तो मोबाइल का लालच दे देंते हैं। जिससे मोबाइल के बिना एक पल भी नहीं रह पाते। मोबाइल आज हमारी मजबूरी बन चुका है।

**ऐसे फंसाते हैं**

जय भगवान शर्मा ने भी छात्रों को अपने व्याख्यान के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया कि आज के समय हमारा किसी के साथ कोई वाद विवाद हो जाता है या झूठे तरीके से कोई हमारी शिकायत कर हमें फंसा देता है। प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया। उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन, कार्यकारिणी सदस्य डॉ सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल सिंह , महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, सनी चौशाला, रजत रापड़िया, सुशील कुमार, स्वतंत्र पाल, जसवीर प्रो. चंद्र प्रकाश मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहीद सिपाही सरजू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुन्दड़ी (2278) जिला कैथल में नाकारा घोषित 6 कमरों की बोली दिनांक 17.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे विद्यालय परिसर में होगी। इच्छुक बोलीदाता 17.09.2025 को 11:00 बजे तक 25000/- रूपये की सिक्योरिटी राशि देकर बोली में भाग ले सकता है। बोली की बाकी नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएगीं।

Sd/Principal
Govt. Sr. Sec. School
Mundri (Kaithal)
Code No. 2278

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को डीपीटी का टीका लगाया

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की और से कक्षा पहली, पांचवीं और दसवीं के विद्यार्थियों को डीपीटी डिप्थीरिया पर्टुसिस एवं टेटनस का टीका लगाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। टीकाकरण कार्यक्रम में सीमा एमपीएचडब्ल्यू रोशनी एमपीडब्ल्यू व आशा वर्कर मनीषा और संतोष पीएचसी जाखौली ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों ने भी बच्चों को सहयोग और मार्गदर्शन किया।प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने कहा कि बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए यह टीका अत्यंत आवश्यक है।



### सीआरएसयू में प्रैक्टिकल सत्र का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो़ रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में होटल प्रबंधन विभाग के प्रथम वर्ष बीएचएम छात्रों के लिए फूड एंड बेवरेज प्रोडक्शन का प्रैक्टिकल सत्र आयोजित किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सब्जियों के विभिन्न प्रकार के कट्स से परिचित कराना थाए जो पेशेवर पाक कला में अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल माना जाता है। छात्रों को कटिंग की मूल तकनीकें जैसे सटीकता, समानता और पेशेवर प्रस्तुति के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। शेफ डा. प्रवीण ने विभिन्न क्लासिकल और आधुनिक कटिंग स्टाइलस का प्रदर्शन किया और उनके व्यंजनों में उपयोग को समझाया।



### कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**जींद।** प्रियदर्शनी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य जयनारायण गहलावत की अध्यक्षता में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रसायन विभाग से सहायक प्राध्यापक रवि कुमार संयोजक की भूमिका में रहे। इस कार्यक्रम के तहत गायन, मोनो एक्टिंग, वाचन, भाषण पेटिंग व फोटोग्राफी का आयोजन किया गया। गायन प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, पायल द्वितीय व अर्शप्रीत तृतीय स्थान पर रही। मोनो एक्टिंग में संजू ने प्रथम, मधु ने द्वितीय व अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम, मीनू द्वितीय व सुप्रिया तृतीय स्थान पर रही।

# सांसद नवीन जिंदल ने किया जल भराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

## किसानों की सुनी समस्याएं, प्रत्येक नुकसान का दिया जाएगा मुआवजा

*सांसद बोले- बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश के बाद सड़कों का निर्माण शुरू करवाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस संदर्भ में पूरी तरह से गंभीर है, प्रदेश की हर सड़कें चकाचक होंगी।*





**गुहला चीका।** सांसद नवीन जिंदल बाढ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए व सांसद नवीन जिंदल बाढ प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। घग्गर के जल स्तर बढ़ने से किसानों की फसलों का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए ई-क्षति पूर्ति पोर्टल खोला गया है। किसान अपनी खराब हुई फसल का पंजीकरण करवाएं, ताकि जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। केंद्र व राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों की पूरी निगरानी कर रही है और हर संभव मदद कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस संदर्भ में पूरी तरह से गंभीर है। प्रत्येक नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। इसको लेकर अलग अलग कटेगरी बनाई गई है। सांसद नवीन जिंदल वीरवार को कैथल-पटियाला रोड पर स्थित टटियाणा गेज का निरीक्षण किया और अधिकारियों से पूर्ण फीडबैक ली। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने मैप के जरिए क्षेत्र की विस्तृत जानकारी हासिल की। इसके बाद सांसद घग्गर सरोला साईफन पर पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी। किसानों ने सांसद से मांग की कि घग्गर साईफन की समय पर सफाई कराईं जाए। बिना सफाई के कारण पानी अवरूध होता है। उन्होंने तुरंत अधिकारियों से घग्गर साईफन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन के अनुसार करीब 6 हजार एकड़ फसल में जलभराव हुआ था। प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी से बाढ़ प्रबंधन का कार्य किया और स्थिति पर पूरी निगरानी की। अब स्थिति कंट्रोल में है और घग्गर का जल स्तर पर भी निरंतर कम हो रहा है। टटियाणा घग्गर गेज के अनुसार जल स्तर 23 फुट दर्ज किया गया है और धीरे-धीरे जल स्तर कम हो रहा है। जिन फसलों में पानी भर गया था, वह भी कम हो रहा है। सांसद नवीन जिंदल ने इसके बाद गुहला लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि गए हैं कि हांसी-बुटाना नहर को क्रॉस के लिए घग्गर साइफन बना हुआ है, जिसकी वजह से पानी अवरूद्ध होता है और जल भराव का कारण बनता है। किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। अधिकारियों को कहा कि इसका अध्ययन करके मास्टर प्लान तैयार करवाएंगे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति इस क्षेत्र में उत्पन्न न हो। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को विकसित राष्ट्र और विकसित राज्य बनाने की दिशा में बेहत्तरीन कार्य कर रहे हैं।

### कैथल में भी बनाया जाएगा स्किल सेंटर

*उन्होंने स्किल सैंटर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि लाड़वा व कुरूक्षेत्र में स्किल सैंटर शुरू किए गए हैं और जल्द ही कैथल में भी इसको शुरू किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। मैं भी स्वयं खिलाड़ी रहा हूं और हमें बढ़चढ़ कर खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से युवाओं का ध्यान नशे की तरफ नहीं जाएगा और हम भारत के मजबूत नागरिक होंगे। जिम का सामान दिया गया है तथा स्टेडियमों की सुविधाओं में सुधार लाया जा रहा है।*

# वकीलों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- हांसी-बुटाना नहर में पानी छोड़ने व सारोला में साइफन हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** ज्ञापन सौंपते हुए बार एसोसिएशन गुहला के सदस्य।

गुहला क्षेत्र में आई बाढ़ और उससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर बार एसोसिएशन गोला ने शुक्रवार को एसडीएम गुहला के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वकीलों ने बाढ़ की मुख्य वजह सारोला गांव में बनाए गए साइफनों को बताया और मांग की कि इनकी जांच कर उन्हें हटाया जाए। इसके अलावा हांसी-बुटाना नहर में बाढ़ का पानी छोड़े जाने की भी मांग की गई। बार एसोसिएशन ने ज्ञापन में बताया कि जब से सारोला में साइफन लगाए गए हैं और हांसी-बुटाना नहर का निर्माण हुआ है, गुहला क्षेत्र में बाढ़ का पानी लंबे समय तक जमा रहता है, जबकि पहले पानी कुछ ही दिनों में निकल जाया करता था। वकीलों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से साइफनों की समय-समय पर सफाई नहीं होती, जिससे जलभराव की समस्या बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में बताया कि नहर निर्माण के समय सरकार ने यह वादा किया था कि बाढ़ का पानी नहर में छोड़ा जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### वन नेशन, वन इलेक्शन पर कार्यक्रम किया

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में युवा जन जागृति संगठन ने स्वामी विवेकानंद की अमेरिका के शिकागो विश्व धर्म संसद में उद्बोधन की 132 वीं वर्षगांठ पर स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन प्रमुख सुमित हमीरगढ़ ने की। मुख्यअतिथि के रूप में करण प्रताप सिंह प्रांत सह संयोजक स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन एवं मुख्य वक्ता के रूप में दीपांकर गुप्ता नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिरकत की। करण प्रताप सिंह ने विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के चरित्र को अपने जीवन में उतरना है।

## मैरिज पैलेस व डीजे संचालकों को दिए निर्देश, नियमों का पालन करें

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी



मैरिज पैलेस संचालक व डी.जे. वालों की बैठक लेते थाना प्रभारी शिवकुमार

थाना प्रभारी शिव कुमार की अध्यक्षता में पूंडरी थाना परिसर में मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी पैलेस संचालक व डीजे वाले शोर सीमा, समय सीमा और अन्य कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का डीजे या तेज आवाज वाला साउंड सिस्टम नहीं बजाया जाएगा। साथ ही शोर की निर्धारित सीमा का ध्यान रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई संचालक या डीजे संचालक नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मैरिज पैलेस संचालक अतुल गोयल सहित अन्य संचालकों ने लिखित रूप से यह शपथपत्र दिया कि वे प्रशासन द्वारा तय किए गए सभी नियमों का पालन करेंगे। उल्लंघन होने पर संचालक खुद जिम्मेदार होंगे।

# नायब सैनी परिणाममुखी और जनहितैषी : अशोक

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी



मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ढांड

भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की हालिया नीतियों व कार्यक्रमों को व्यापक समर्थन देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं ने जनता के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है। गुर्जर ने पार्टी के स्थानीय आंकड़ों और हालिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि विकास के अनेक संकेत स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं और जनता में सरकार के प्रति समर्थन बढ़ा है। गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन तेज हुआ है। उनके अनुसार पिछले 18 महीनों में स्थानीय स्तर पर 5,000 से अधिक युवाओं को स्वरोजगार और नौकरी से जोड़ने वाले कार्यक्रम चलाए गए।

# उचाना कलां में स्कूल के साथ का रास्ता होगा पक्का

- पानी निकासी को लेकर लगेंगे अलग-अलग जगहों पर आठ रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- नगर पालिका ने लगाए 68 लाख रुपये के टेंडर

भूपेंद्र ▶▶| उचाना



**उचाना।** कलां के राजकीय स्कूल के पास से रास्ता जो पक्का होगा।

उचाना शहर में विकास की रफ्तार निरंतर तेज हो रही है। नगर पालिका विकास कार्यों को लेकर टेंडर लगा रही है। गली निर्माण से लेकर अन्य विकास कार्यों के टेंडर लगाए जा रहे है। उचाना कलां में अंडरपास के पास राजकीय स्कूल के पास से जो रास्ता खेड़ी मंसानिया रोड तक जाता है उसको नगर पालिका पक्का करने का काम करेंगी। ये मांग वाहन चालकों एवं ग्रामीणों की काफी पुरानी है। शहर में जहां-जहां बारिश के समय जलभराव की स्थिति होती है वहां पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम नपा करेगी। दोनों कामों को लेकर नपा द्वारा करीब 68 लाख रुपए के टेंडर जारी किए है। रास्ते को पक्का करने के लिए करीब 48 लाख तो अलग-अलग 8 जगहों पर लगने वाले रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर करीब 20 लाख के टेंडर जारी किए है। विकास की रफ्तार शहर में कुछ महीनों से तेज हो रही है।

### आवागमन में सुविधा होगी

राजीव, सुनील, अमित ने कहा कि राजकीय स्कूल के पास से खेड़ी मंसानिया सड़क तक रास्ता पक्का बनने से आवागमन में फायदा होगा। अब राजकीय स्कूल पार करके लंबा चक्कर लगाकर वाहन चालक खेड़ी मंसानिया रोड पर जाते है। ये रास्ता बनने के बाद करीब दो किलोमीटर कम सफर वाहन चालकों को तय करना होगा। यहां सीधे अंडर पास से इस रास्ते से खेड़ी मंसानिया की तरफ वाहन चालक आ-जा सकेंगे। शहर में विभिन्न जगहों पर बारिश के बाद पानी निकासी नहीं होने से जलभराव हो जाता है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अलग-अलग आठ जगहों पर लगने से बारिश के बाद पानी की निकासी जल्दी होगी।

### पीजी में दाखिला की अंतिम तारीख आज

**उचाना।** बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एमए प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी 12 सितंबर तक राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में पहुंचकर दाखिला ले सकते हैं। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल एवं एडमिशन कमेटी के कन्वीनर डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि किन्हीं कारणों दाखिला लेने से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए दाखिला लेने का एक अवसर और प्राप्त किया गया है।

जो विद्यार्थी इन कक्षाओं में दाखिला लेना चाहते हैं वह 12 सितंबर महाविद्यालय में पहुंचकर दाखिला ले सकते हैं। महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही है।

# बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र स्थापित

- मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, किशोरावस्था के परिवर्तन और चुनौतियों को समझना विषय पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** राजकीय स्कूल बडऩपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना के अंतर्गत नरवाना उपमंडल के बडऩपुर गांव में स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत किशोर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों हेतु वीरवार को राज्य के 184वें व जिले के 71वें बाल सलाहए परामर्श एवं कल्याण केंद्र की स्थापना मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने की । इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, किशोरावस्था के परिवर्तन और चुनौतियों को समझना विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता अनिल मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि किशोरावस्था अनोखाए जिज्ञासा भराए निरंतर परिवर्तन व विकास का रचनात्मक समय होता है। इस दौरान शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक परिवर्तन की चुनौतियों के साथ दुव्र्यवहार, हिंसा, शोषण का सामना करने की चुनौतियां पेश आती हैं, ऐसी स्थितियां मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बना सकती हैं।

?.

*मानसिक स्वास्थ्य ऐसी भावनात्मक मनोवैज्ञानिक सामाजिक भलाई की स्थिति होती है जो यह तय करती है कि हम कैसे सोचतेए महसूस और कार्य करते हैं। अच्छा मानसिक स्वास्थ्य जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना करनेए अपनी कमजोरियों, क्षमताओं को पहचानने, तनाव को संभालने, अच्छे रिश्ते कायम करने व सामाजिक संबंध बनाने में मददगार होता है। संज्ञानात्मक परिवर्तन के दौरान तार्किक और जटिल तरीके से सोचना सीखते हैंए यानी कि हमारी सोच का विकास उन्नत हो रहा है। खुद की पहचान और मूल्यों को बनाने का प्रयासए नया सीखना और ऊंचाइयों को खोजते रहना भी हम इसी वजह से सीखते हैं। किशोर अक्सर भावनात्मक उतार-चढ़ाव, पहचान के संकट, स्वतंत्रता, साथियों का दबाव, सोशल मीडिया के नकारात्मक*

# किठाना पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** स्कूल में पहुंचने पर खिलाड़ी हिमांशु को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्या।

किठाना पब्लिक स्कूल किठाना के छात्र हिमांशु ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में हिमांशु ने अपनी बेहतरीन रणनीति, फुर्ती और खेल कौशल का परिचय दिया। उसकी मेहनत लगन और समर्पण ने उन्हें यह उपलब्धि दिलाई। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन ढांडा ने हिमांशु को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिमांशु की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि किठाना पब्लिक स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही, बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों को नई ऊचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हिमांशु ने पूरे विद्यालय का मान बढ़ाया है और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सभी अध्यापकगणों ने भी हिमांशु की इस जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने आशा जताई कि हिमांशु आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर विद्यालय, गांव व प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी 17 को दिल्ली में जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में लेंगे भाग

**जींद।** अक्षर भवन में वीरवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में आल इंडिया फैडरेशन ऑफ पैंशनर्ज एसोसिएशन के आह्वान पर 17 सितंबर को जंतर-मंतर दिल्ली पर होने वाले प्रदर्शन में जिला जींद की तरफ से बढ़.चढ़ कर भाग लेने का फैसला लिया गया। जिसमें आठवें वेतन आयोग के लिए गठित वित्त विधेयक, जिसमें रिटायर्ड कर्मचारियों को लाभों से वंचित किया गया है उसे वापस करवाने की जोर-शोर से मांग उठाई जाएगी। विक्रम सिंह ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला जींद ने बाढ़ पीड़ित राहत कोष में दस हजार रुपये का सहयोग देने का फैसला किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### राज कुमार बने सकसं राजौंद खंड के प्रधान

**राजौंद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक राजौंद का त्रिवार्षिक ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन किया। आगामी 3 वर्षों के लिए चुनाव पर्यवेक्षक एवं जिला प्रधान शिवचरण, कपिल सिरोही अध्यापक संघ से जिला सचिव अमर नाथ किठानिया द्वारा नई ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया। जिसमें मास्टर राज कुमार को प्रधान, हेल्थ विभाग से विनोद कुमार को सचिव,नगरपालिका विभाग से राकेश कुमार को कैशियर, नगरपालिका से वीना रानी को उपप्रधान, पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन से नर सिंह को ओटिटर,पैक्स विभाग से राज कुमार को सहसचिव, फायर से सुरेंद्र कुमार को प्रेस सचिव बनाया।

## बलवंती और ग्योंग के खिलाड़ियों ने दिलाई राज्य स्तरीय जीत

# कैथल के युवा खिलाड़ियों ने कबड्डी में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** खिलाडियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

पानीपत में गत 8 से 10 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैथल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल स्टाइल कबड्डी (अंडर-17 बॉयज) का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में कैथल की टीम का सामना मेजबान पानीपत से हुआ।

बेहद रोमांचक मुकाबले में कैथल ने 6 अंकों से जीत दर्ज कर पूरे जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के जोश और संघर्ष ने दर्शकों का दिल जीत लिया। बलवंती और ग्योंग के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन इस विजेता टीम में बलवंती सीनियर सेकेंडरी स्कूल और ग्योंग गांव के खिलाड़ियों का योगदान अहम रहा। बलवंती के खिलाड़ी हरप्रीत, जीवन, विशाल, आर्यन, मनोज कुमार और अजय कुमार के साथ ग्योंग के हिमांशु, अभिमन्यु, साहिल, अमन कुमार और आर्यन ने दमदार खेल दिखाया।

### जुलूस निकालकर स्वागत किया

*कैथल टीम की जीत की खबर गांव पहुंचते ही जश्न का माहौल बन गया। बलवंती गांव में खिलाड़ियों का स्वागत विशेष अंदाज़ में किया गया। क्योड़क से बलवंती तक करीब 3 किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। खुली जीपों में सवार खिलाड़ियों पर नोटों की माला और फूल बरसाए गए। स्कूल पहुंचने पर तिलक, पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों के बीच भव्य सम्मान समारोह हुआ।*

### डीपीई राजेश कुमार पांचाल बने सारथी

*शिक्षा और खेल के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे बलवंती स्कूल के डीपीई राजेश कुमार पांचाल अब छात्रों के मार्गदर्शक सारथी बन गए हैं। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बलवंती की टीम को जीत दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार खेल खेलते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और जिले का नाम रोशन किया।*